EDITORIAL

# BSNL - Silver Jubilee of Establishment

It is known that Bharat Sanchar Nigam Limited (BSNL) was established on October 1, 2000. The Department of Telecommunications' Telecom Operations and Telecommunications Services Department was converted into a corporation and named Bharat Sanchar Nigam Limited. Before becoming a corporation, the Indian Parliament passed a resolution to this effect, and after registering under the Indian Companies Act, it commenced public service as a company on October 1, 2000. BSNL has currently completed a total of 25 years of its term, which was completed on its establishment date of October 1, 2025.

On this occasion, BSNL management, the Department of Telecommunications, the Ministry of Communications, and the Prime Minister's Office hailed the occasion as a national achievement and praised its uninterrupted functioning for 25 years. The Honourable Minister of Communications, Government of India, Shri Jyotiraditya Scindia, addressed journalists at the BSNL Bhavan located in Janpath on September 26, 2025. In his address, the Honourable Communications Minister stated that the government is committed to making BSNL's services world-class. He mentioned that India has become the fourth country in the world to manufacture equipment and plants used in indigenous 4G/5G technology-based services. 97,500 mobile towers based on these plants have been installed across the nation, which were dedicated to the nation by the Honourable Prime Minister from Jharsuguda, Odisha on September 27, 2025. It is noteworthy that fully indigenous microchips have been used for the operation of these towers, which only three countries in the world manufactured previously. It is a matter of great pride that India has registered its name as the fourth country in the world to manufacture microchips related to these services, raising the head of all the people of the nation. Addressing the people of the nation from Jharsuguda, the Honourable Prime Minister profusely praised the services and cooperation provided by BSNL employees for the nation.

It is noteworthy that BSNL had established its position as a profitable government company since its inception, but a financial decline began to be recorded in BSNL from the financial year 2007-08, which is currently ongoing. To overcome this situation, the Government of India announced a revival package for BSNL on October 21, 2019, which included an eight-point plan including giving BSNL the 4G spectrum. The Voluntary Retirement Scheme (VRS) was also included in this eight-point plan. Under this government scheme, more than 78,000 employees and officers left BSNL. Despite this, BSNL's financial distress continued. Now, the Government of India has taken it as a challenge to revive BSNL, and so far, more than three lakh crore rupees have been spent by the government on BSNL's revival.

The government assigned BSNL a scheme named Bharat Net, under which a program was set to provide high-speed communication services to all Panchayats (village councils) across the nation. BSNL is rapidly advancing this service as well. BSNL is gaining financial benefit through Bharat Net. In the two quarters of the last financial year 2024-25, a net profit of ₹ 262 crore and ₹ 280 crore was earned, respectively. At the end of the financial year 2024-25, the company had an operating profit of ₹ 5,000 crore. Annual targets for various types of services are being given to each BSNL circle, which is being closely monitored by the Ministry of Communications. It is being felt that BSNL is moving towards financial strength due to the schemes run by the Government of India and close monitoring.

On one hand, BSNL is developing, but on the other hand, the condition of the employees working under it is getting worse. Employees have been waiting for wage revision since 01.01.2017. Employee

organizations organized numerous sequential labor movements for this. A complete three-day strike took place in February 2018. Industrial peace within BSNL had almost ended. In view of this, the government announced a revival package, which included the provision of 4G/5G.

The government announced that 4G/5G spectrum would be provided to BSNL by the government, but a condition was imposed that the 4G/5G spectrum would only be made available when the equipment used to operate it was indigenously manufactured. Due to this condition, BSNL had to wait until 2025, whereas private companies providing telecom services in the country were allowed to provide 4G spectrum-based service with foreign-made equipment since 2012.

In the meantime, Reliance Jio entered this sector in October 2016 and, against the rules of the telecom regulatory authority, continued to provide 4G spectrum-based service free to consumers for one year. As a result, customers rapidly turned towards private companies, and BSNL, which was in the first position in mobile service until 2005, saw its market credibility fall, and its market share remained around 5%. In this situation, all employee facilities were discontinued. Employees were forced to work on the 2007 salary, which continues unchanged to date.

Employee organizations made continuous efforts, presented memoranda to hundreds of Members of Parliament across the country, and sent memoranda to the Government of India through the Governors of all states. Numerous protests, sit-ins, and strikes were organized in the country. Eventually, a Wage Revision Committee was formed with the leaders of the labor unions recognized by the Government of India's department. This committee held continuous meetings since 2018, but continuous deadlocks persisted. The leadership of the employee organization was compelled to accept very small pay scales and sign an agreement on October 8, 2025.

Employee organizations are very unhappy that more than 60% of the non-executive employees have been deprived of their annual increment for the last 8-10 years. Despite the continuous requests of employee organizations, the pay scales were not rectified. Employees of the Junior Engineer (JE) cadre are quite agitated and feel extremely distressed because their counterparts in other public sector undertakings and government departments are receiving higher pay scales.

Despite all these shortcomings, the employee representatives were forced to sign the agreement because the duration of this pay scale period is only 15 months remaining. The period for the fourth wage revision will begin from 01.01.2027.

In this situation, we request the Ministry of Communications through BSNL management that work be done to implement the determined pay scales swiftly so that the future security of the employees can be ensured. On one hand, the Honourable Prime Minister and the Honourable Communications Minister are highly praising BSNL employees, and on the other hand, BSNL employees are enduring a state of distress.

In addition to the pay scale, examinations related to employee promotions are also not being held in all circles. After VRS 2020, a large number of employee posts were unexpectedly abolished. Therefore, examinations are not being conducted due to the lack of vacancies.

The NFTE BSNL has repeatedly suggested alternative arrangements to the management, but the current management is not taking cognizance of the suggestions. NFTE BSNL has formally suggested to the top management for consideration that promotion examinations for all cadres

should be held in all circles without considering any vacancy. For example, the examination for promotion from the JE cadre to the JTO (Junior Telecom Officer) cadre should be conducted on a national scale without any vacancy, and the employees who pass the examination should be trained and made JTOs. Their original post of Junior Engineer should be abolished. This way, the number of employees in the entire company will not increase, nor will the financial burden increase, because all Junior Engineers are already working on the JTO pay scale. This process can be applied to other employees as well using the same method.

The provision for time-bound financial upgradation without an examination is completely discriminatory. While officers are given financial upgradation every 5 years, non-executive employees recruited by BSNL are given financial upgradation every 8 years. For employees who were adjusted into BSNL after exercising an option while working in the Department of Telecommunications, the first financial upgradation is given after 4 years, the second after 7 years, and further upgradations are given every 8 years. This arrangement is discriminatory even from the perspective of natural justice.

In addition to these issues, employees are being paid the medical facilities, uniform allowance, children's education allowance, and various other benefits that were determined before 2007. Overall, the situation remains very serious for non-executive employees.

A silver lining has appeared before the employees with the commencement of indigenous 4G/5G spectrum-based services, the rapid implementation of Bharat Net, and other services. Employees are quite hopeful that their problems will be resolved in the near future. Seeing the growing strides of BSNL, a new enthusiasm has blossomed among the employees. They have started serving consumers with dedication and loyalty.

We appeal to the BSNL management and the Ministry of Communications that, in this glorious achievement and the Silver Jubilee year of BSNL, they should also take a sympathetic view of the employees and their long-pending demands so that the company can once again restore its former glory.

**NFTE Zindabad, Employee Unity Zindabad**

संपादकीय

# बीएसएनएल – स्थापना की रजत जयंती

ज्ञातव्य है कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की स्थापना 1 अक्टूबर 2000 को हुई थी। दूरसंचार विभाग के दूरसंचार परिचालन एवं दूरसंचार सेवाएं विभाग को निगम में परिवर्तित करते हुए भारत संचार निगम लिमिटेड नामकरण किया गया। निगम बनने के पूर्व भारतीय संसद ने इस आशय का प्रस्ताव सदन से पास किया तथा भारतीय कंपनी एक्ट के तहत पंजीयन कराने के बाद एक कंपनी के रूप में 1 अक्टूबर 2000 से जनसेवा में पदार्पण किया। अभी बीएसएनएल ने अपने कार्यकाल के कुल 25 साल पूरे किए हैं, जो इसकी स्थापना की तिथि 1 अक्टूबर 2025 को पूरी हुई है। इस अवसर पर बीएसएनएल प्रबंधन, दूरसंचार विभाग, दूरसंचार मंत्रालय एवं प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस अवसर को राष्ट्र की उपलब्धि बताते हुए 25 साल इसके निर्बाध गति से चलते रहने की प्रशंसा की। आदरणीय श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, माननीय संचार मंत्री भारत सरकार ने दिनांक 26 सितंबर 2025 को जनपथ स्थित बीएसएनएल भवन में पत्रकारों को संबोधित किया। अपने संबोधन में माननीय संचार मंत्री ने बताया कि बीएसएनएल की सेवाएं विश्व स्तरीय करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि भारत विश्व का चौथा देश बन चुका है जिसने स्वदेशी तकनीक पर आधारित 4जी/5जी की सेवाओं में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों एवं संयंत्रों का निर्माण किया है। इन संयंत्रों पर आधारित 97,500 मोबाइल टावर पूरे राष्ट्र में स्थापित किए जा चुके हैं। जिन्हें 27 सितंबर 2025 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा उड़ीसा प्रदेश के झासुगोड़ा से राष्ट्र को समर्पित किया गया। तदनुसार माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार ने उपरोक्त स्थान से 4जी/5जी सेवाओं के संचालन करने वाले 97500 मोबाइल टावरों को राष्ट्र के नाम समर्पित किया। ध्यान देने योग्य बात है कि इन टावरों के संचालन हेतु पूर्ण रूप से स्वदेशी माइक्रो चिप्स का इस्तेमाल किया गया है, जिसे दुनिया में तीन देश ही बनाते थे। यह अत्यंत गौरव का विषय है कि भारत इन सेवाओं से संबंधित माइक्रोचिप बनाने वाले विश्व में चौथा देश के रूप में अपना नाम दर्ज कराकर राष्ट्र के समस्त जनता का सर ऊंचा किया है। झासुगोड़ा से राष्ट्र की जनता को संबोधित करते हुए माननीय प्रधानमंत्री ने बीएसएनएल कर्मियों द्वारा राष्ट्र के लिए प्रदत्त सेवाओं एवं सहयोग की भूरी भूरी प्रशंसा की।

गौरतलब है कि बीएसएनएल अपने स्थापना काल से प्रचुर मुनाफे में चलने वाली एक सरकारी कंपनी के रूप में अपना स्थान बनाया था परंतु वित्तीय वर्ष 2007–08 से बीएसएनएल में आर्थिक गिरावट दर्ज होने लगी, जो वर्तमान में जारी है। इस हालात से उबरने के लिए भारत सरकार ने 21 अक्टूबर 2019 को बीएसएनएल के पुनरुद्धार के लिए एक पैकेज की घोषणा की, जिसमें बीएसएनएल को 4जी स्पेक्ट्रम देने सहित आठ सूत्री योजना बनाई गई। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) भी इस आठ सूत्री योजना में सम्मिलित था। सरकार की इस योजना के तहत लगभग 78,000 से अधिक कर्मचारी एवं अधिकारी बीएसएनएल से बाहर हो गए। इसके बावजूद भी बीएसएनएल की आर्थिक विपन्नता बनी रही। अब भारत सरकार ने बीएसएनएल को पुनर्जीवित करने के लिए एक चैलेंज के रूप में लिया और अभी तक तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक बीएसएनएल के पुनरुत्थान पर सरकार द्वारा खर्च किया जा चुका है। सरकार ने भारत नेट के नाम से एक योजना बीएसएनएल को दी, जिसके तहत संपूर्ण राष्ट्र के सभी पंचायत में तीव्र गति वाली संचार सेवा देने का कार्यक्रम निश्चित किया गया। बीएसएनएल इस सेवा को भी द्रुत गति से आगे बढ़ा रही है और भारत नेट के माध्यम से बीएसएनएल को आर्थिक लाभ मिल रहा है। गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के दो तिमाही में क्रमशः 262 करोड़ तथा 280 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंत में कंपनी को 5,000 करोड़ रुपए का परिचालन लाभ हुआ है। बीएसएनएल के प्रत्येक परिमंडलों को विभिन्न प्रकार की सेवाओं का वार्षिक लक्ष्य दिया जा रहा है, जिसकी सघन निगरानी दूरसंचार मंत्रालय द्वारा की जा रही है। यह महसूस होने लगा है कि भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं तथा सघन निगरानी से बीएसएनएल आर्थिक रूप से मजबूती की ओर बढ़ रही है।

बीएसएनएल एक ओर विकसित हो रही है परंतु दूसरी ओर इसके अधीन कार्यरत कर्मचारियों की स्थिति बद से बदतर होते जा रही है। कर्मचारी 01.01.2017 से वेतन पुनरीक्षण का इंतजार कर रहे हैं। कर्मचारी संगठनों ने इसके लिए क्रमवार अनेकों श्रमिक आंदोलन का आयोजन किया। वर्ष 2018 के फरवरी महीने में तीन दिनों की मुकम्मल हड़ताल हुई। बीएसएनएल के अंतर्गत औद्योगिक शांति लगभग समाप्त हो चली थी इसके मद्देनजर सरकार के पुनरूत्थान पैकेज की घोषणा की, जिसके अंतर्गत 4जी/5जी उपलब्ध कराने की व्यवस्था दी गई। सरकार ने यह घोषणा की कि बीएसएनएल को सरकार की तरफ से 4जी/5जी स्पेक्ट्रम दिए जाएंगे परंतु साथ ही यह शर्त लगा दी गई कि 4जी/5जी स्पेक्ट्रम तभी उपलब्ध कराया जाएगा जब इसको संचालित करने वाले उपकरण का निर्माण स्वदेशी होगा। इस शर्त के कारण बीएसएनएल को 2025 तक इंतजार करना पड़ा, जबकि देश में दूरसंचार सेवा देने वाली निजी कंपनियों को 2012 से ही विदेशों में निर्मित उपकरणों के साथ 4जी स्पेक्ट्रम पर आधारित सेवा देने की छूट दे दी गई। इस बीच अक्टूबर 2016 से रिलायंस जियो ने इस क्षेत्र में पदार्पण किया और दूरसंचार नियामक प्राधिकार के नियमों के विरुद्ध 4जी स्पेक्ट्रम आधारित सेवा 1 साल तक उपभोक्ताओं को मुफ्त देती रही। फलस्वरूप ग्राहक तीव्र गति से निजी कंपनियों की ओर मुखातीम हुए और बीएसएनएल, जो 2005 तक मोबाइल सेवा में प्रथम स्थान पर था, उसकी बाजार में साख गिरती गई और बाजार में हिस्सा 5% के करीब रह गया। इस परिस्थिति में कर्मचारियों की सारी सुविधा समाप्त कर दी गई। कर्मचारी 2007 के वेतन पर कार्य करने के लिए बाध्य किए गए जो अभी तक बदस्तूर जारी है।

कर्मचारी संगठन द्वारा लगातार प्रयास किए गए देश के सैंकड़ों सांसदों को स्मार पत्र दिया गया। सभी राज्य व राज्यपालों के मार्फत भारत सरकार को स्मार पत्र भेजा गया। देश में अनेकों प्रदर्शन, धरना एवं हड़ताल का आयोजन किया गया, तब जाकर भारत सरकार के विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त श्रमिक संघों के नेताओं के साथ एक वेतन पुनरीक्षण समिति का गठन किया गया। यह समिति 2018 से लगातार बैठक करती रही परंतु लगातार गतिरोध बनता रहा। अंततः कर्मचारी संगठन के नेतृत्व को बाध्य होकर अत्यंत ही छोटे–छोटे वेतनमानों को स्वीकार करते हुए 8 अक्टूबर 2025 को एक समझौते पर हस्ताक्षर करना पड़ा। कर्मचारी संगठन इस बात से दुखी हैं कि लगभग पिछले 8–10 वर्षों से नॉन एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों का 60% से अधिक हिस्सा वार्षिक वेतन बढ़ोतरी से वंचित है। इसके बावजूद भी कर्मचारी संगठनों के लगातार निवेदन के बावजूद वेतनमान दुरूस्त नहीं किए गए। कनीय अभियंता संवर्ग के कर्मचारी काफी क्षुब्ध हैं क्योंकि उनके समकक्ष कर्मचारियों को अन्य लोक उपक्रम तथा सरकारी विभागों में अधिक वेतनमान मिल रहे हैं। कर्मचारी पक्ष के नेताओं ने बाध्य होकर समझौते पर हस्ताक्षर किये क्योंकि इस वेतनमान की अवधि केवल 15 महीने बच गई है। आगामी 01.01.2027 से चौथे वेतन पुनरीक्षण की अवधि शुरू हो जाएगी। इस परिस्थिति में हम बीएसएनएल प्रबंधन द्वारा संचालन मंत्रालय से निवेदन करना चाहते हैं कि जो भी वेतनमान निर्धारित हुए हैं उसे त्वरित गति से अंजाम तक पहुंचाने की दिशा में कार्य किए जाएं ताकि कर्मचारियों की भविष्य की सुरक्षा हो सके।

एक तरफ माननीय प्रधानमंत्री संचार मंत्री द्वारा बीएसएनएल कर्मचारियों की भूरि–भूरि प्रशंसा की जा रही है दूसरी तरफ बीएसएनएल के कर्मचारी पीड़ा की स्थिति को झेल रहे हैं।

वेतनमान के अतिरिक्त कर्मचारियों के पदोन्नति से संबंधित परीक्षाएं भी सभी परिमंडल में आयोजित नहीं की जा रही हैं। वीआरएस 2020 के उपरांत अप्रत्याशित ढंग से कर्मचारियों के बहुतायत पदों को समाप्त कर दिया गया है, इसलिए रिक्तियों के अभाव में परीक्षाएं आयोजित नहीं की जा रही हैं। एनएफटीईई, बीएसएनएल ने प्रबंधन को कई बार वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के सुझाव दिया हैं परंतु वर्तमान प्रबंधन सुझावों का संज्ञान नहीं ले रहा है। एनएफटीई

बीएसएनएल ने लिखित रूप से उच्च प्रबंधन को विचार हेतु सुझाव किए है कि सभी संवर्गों की पदोन्नति संबंधी परीक्षाएं बिना किसी रिक्ति पर विचार किए हुए सभी परिमंडलों में आयोजित की जाए। उदाहरणार्थ, जे.ई. संवर्ग से जेटीओ संवर्ग में पदोन्नति हेतु परीक्षा राष्ट्रीय पैमाने पर बिना किसी रिक्ति की आयोजित की जाए और जो कर्मचारी परीक्षा में सफल होते हैं उन्हें प्रशिक्षण देकर जेटीओ बना दिया जाए। उनके मूल पद जूनियर इंजीनियर को समाप्त कर दिया जाए। इस प्रकार पूरे कंपनी में कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं होगी साथ ही आर्थिक बोझ भी नहीं बढ़ेगा क्योंकि सभी जूनियर इंजीनियर जेटीओ के वेतनमान में कार्यरत हैं। इस प्रक्रिया को इसी विधि के द्वारा अन्य कर्मचारियों के लिए भी लागू की जा सकती है। जहां तक बिना परीक्षा के समयबद्ध आर्थिक उन्नयन की व्यवस्था की गई है वह पूर्णता भेदभावपूर्ण है। जहां अधिकारी संवर्ग को प्रति 5 वर्ष पर आर्थिक उन्नयन दी जाती है वहीं नान–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को जो बीएसएनएल द्वारा भर्ती किए गए है, उन्हें प्रति प्रति 8 वर्ष पर आर्थिक उन्नयन दी जाती है। जो कर्मचारी दूरसंचार विभाग में कार्य करते हुए विकल्प देकर बीएसएनएल में सामंजित हुए हैं, उनके लिए प्रथम आर्थिक उन्नयन 4 वर्ष पर, द्वितीय उन्नयन 7 वर्ष पर और आगे की आर्थिक उन्नयन 8–8 वर्ष पर दी जाती है। यह व्यवस्था प्राकृतिक न्याय के नजर से भी भेदभावपूर्ण है ।

इन मुद्दों के अतिरिक्त कर्मचारियों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा, वर्दी की सुविधा, बच्चों की शिक्षा की सुविधा तथा अनेक प्रकार के भत्तों का भुगतान 2007 के पूर्व में निर्धारित हुए हैं, उसी के आधार पर किया जाता है। कुल मिलाकर नान–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के लिए स्थिति बहुत ही गंभीर बनी हुई है।

अभी स्वदेशी 4जी/5जी स्पेक्ट्रम आधारित सेवाएं शुरू होने, भारत नेट को तीव्रता के साथ प्रतिस्थापित होने तथा अन्य सेवाओं के माध्यम से एक रजत रेखा कर्मचारियों के सामने दृष्टिगोचर हुई है। कर्मचारी काफी आशान्वित हैं कि निकट भविष्य में हमारी समस्याएं दूर होगी। बीएसएनएल के बढ़ते हुए कदम को देखकर कर्मचारियों में एक नई उत्साह का प्रस्फुटन हुआ है। वे तन्मयता एवं निष्ठा के साथ उपभोक्ताओं के सेवा में लग चुके हैं। बीएसएनएल प्रबंधन एवं संचार मंत्रालय से निवेदन किया गया है कि इस गौरवपूर्ण उपलब्धि एवं बीएसएनएल के रजत जयंती वर्ष में कर्मचारियों के प्रति भी सापेक्ष दृष्टि रखते हुए उनके चिरलंबित मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाए ताकि बीएसएनएल में पुनः एक बार पूर्व की गौरव की स्थिति बहाल हो सके।

**एनएफटीईई जिंदाबाद, कर्मचारी एकता जिंदाबाद**